- एक स्वतंत्र निकाय के रूप में राष्ट्रीय शैक्षणिक प्रतियोगिता मंच का गठन किया जाएगा जिसके द्वारा शिक्षण मूल्यांकन योजना एवं प्रशासन में अभिवृद्धि हेतु विचारों का आदान प्रदान किया जा सकेगी।
- डिजिटल शिक्षा संस्थानों को विकसित करने के लिए अलग प्रतियोगी की इकाई का विकास किया जाएगा जो डिजिटल बुनियादी ढांचे सामग्री और क्षमता निर्माण हेतु समन्वयक का कार्य करेगी।
- पारंपरिक ज्ञान संबंधी प्रावधान।
- भारतीय ज्ञान प्रणाली है जिसमें जनजाति एवं स्वदेशी ज्ञान शामिल होंगे पाठ्यक्रम में सटीक एवं वैज्ञानिक तरीके से शामिल किया जाएगा।
- आकांक्षी जिले जैसे क्षेत्र जहां बड़ी संख्या में आर्थिक, सामाजिक व जातिगत बाधाओं का सामना करने वाले छात्र पाए जाते हैं, उन्हें विशेष शैक्षणिक क्षेत्र के रूप में शामिल किया जाएगा।
- देश में क्षमता निर्माण हेतु केंद्र सभी लड़कियों और ट्रांसजेंडर छात्रों को समान गुणवत्ता प्रदान करने की दिशा

3. सार्थक योजना की रूपरेखा स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा तैयार की गई है।
4. देश के 75 वर्ष पूरे होने की खुशी में बनाए जा रहे अमृत महोत्सव के अंतर्गत इस योजना को जारी किया गया ।

निष्कर्ष

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 21वीं सदी के भारत की जन्म जरूरतों को पूरा करने के लिए भारतीय शिक्षा प्रणाली में बदलाव हेतु जिस नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 20–20 को मंजूरी दी है अगर उसका क्रियान्वयन सफल तरीके से होता है तो यह नई प्रणाली भारत को विश्व के अग्रणी देशों के समक्ष ले जाएगी। नई शिक्षा नीति 2020 के तहत 3 साल से 18 साल तक के बच्चे को शिक्षा का अधिकार कानून 2019 के अंतर्गत रखा गया है।

34 वर्षों पश्चात् आई इस नई शिक्षा नीति का उद्देश्य सभी छात्रों को उच्च शिक्षा प्रदान करना है। इसका लक्ष्य 2025 तक पूर्व प्राथमिक शिक्षा 36 वर्ष की आयु सीमा को सर्वभौमिक बनाया है। स्नातक शिक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मशीन, डेटा विश्लेषण, जैव प्रौद्योगिकी आदि क्षेत्रों के समावेशन से अत्याधुनिक क्षेत्रों में भी कुशल पेशेवर तैयार होंगे और युवाओं की रोजगार क्षमता में वृद्धि होगी।

ऐसे क्षेत्रों को ध्यान में रखते हुए नेशनल एजुकेशन पॉलिसी लागू किया गया जिससे व्यवसायिक शिक्षा अध्यापक शिक्षा नेशनल रिसर्च फाउंडेशन की स्थापना करना, नेशनल एजुकेशन पॉलिसी पाठ्यक्रम में परिवर्तन करना ,सीखने के लिए सर्वोत्तम वातावरण एवं छात्रों को सहयोग प्रदान करना, विदेशी छात्रों के लिए अंतरराष्ट्रीय छात्र कार्यालय की स्थापना करना, छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करना, स्कूल बैग का वजन तथा होमवर्क कम किया जाएगा। शिक्षा में प्री प्राइमरी भी शामिल किया गया।

संदर्भ सूची

1. ग्रोवल, जे .एस.,"वोकेशनल एनवायरमेंट एंड एजुकेशन", प्योर्स नेशनल साइकोलॉजिकल कार्पोरेशन, आगरा।
2. राव, बी. के, "वोकेशनल एजुकेशन", ए. पी. एच. पब्लिशंग कार्पोरेशन, नई दिल्ली।
3. ग्रोवर, यशपाल, "आधुनिक भारत का इतिहास",एस चन्द प्रकाशन, नई दिल्ली।
4. मंत्रालय, मानव संसाधन एवं विकास, भारत सरकार, "नई शिक्षा नीति 2020", शासकीय रिपोर्ट्स, नई दिल्ली।

नई शिक्षा नीति और स्कूल शिक्षा

विवेक कुमार गौतम,
शोधार्थी
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग, छत्तीसगढ़

सारांश

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, 21वी शताब्दी की पहली शिक्षा नीति है जिसका लक्ष्य देश के शिक्षा में नवाचार के साथ संशोधन कर नवीन शिक्षा प्रणाली को लागू करना है। नई शिक्षा नीति के तहत सभी विद्यार्थियों के लिए चाहे उनका निवास स्थान कहीं भी हो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना। यह शिक्षा नीति केन्द्रित शिक्षा प्रणाली की संरचना करती है जो छात्रों को उच्च गुणवत्ता से युक्त शिक्षा प्रदान करने में सक्षम हो। 1986 की राष्ट्रीय शिक्षा जी से जिसे 1992 में संशोधित किया गया था के अधूरे कार्य को इस नीति के द्वारा पूरा करने का भरपूर प्रयास किया गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 सार्वभौमिक प्रारम्भिक शिक्षा उपलब्ध कराने में पूर्णतः सक्षम है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की समिति का गठन 2016 में अंतरिक्ष वैज्ञानिक डॉ. के कस्तूरीरंगन की अध्यक्षता में किया गया था। राष्ट्रीय शिक्षा नीति भारत के ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों की प्रारम्भिक शिक्षा को उच्चतर श्रेणी में परिवर्तित कर नया आगाम देने में पूर्णतः सक्षम है। इसमें पठन–पाठन के साथ–साथ छात्रों के व्यवसायिक परीक्षण हेतु व्यापक टाँचा निहित है, जिसका एक मात्र लक्ष्य विद्यार्थियों व्यवसायिक शिक्षा प्रदान कर सुयोग्य कामयाब नागरिक बनाना है। छात्रों के सार्वभौमिक विकास में शिक्षा की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। शिक्षा और रोजगार व्यक्ति के विकास अहम कड़ी है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत विद्यार्थियों को प्रारंभिक शिक्षा उनकी मातृभाषा में देने की कार्य योजना है, जिससे वे शीघ्र अधिगम कर सकें। राष्ट्रीय शिक्षा नीति व्यवसायिक शिक्षा पर ज्यादा बल देती है, विभिन्न कौशलों के प्रशिक्षण द्वारा छात्रों को प्रशिक्षित करना इस शिक्षा नीति लक्ष्य है। इस शिक्षा नीति का उद्देश्य 2040 तक पूर्ण रूप से भारत की शिक्षा प्रणाली को बदलना है।

मुख्य शब्द

शिक्षा, तकनीकी, गुरुकुल, राष्ट्र, भाषा, कौशल।

प्रस्तावना

मानव व्यक्तित्व के विकास में शिक्षा की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। समुचित शिक्षा ही मानव को पूर्ण बनने में अद्भुत सहयोग प्रदान करती है। यों कहें तो विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में शिक्षा का अहम रोल है। इन्हीं स्थितियों को ध्यान में रखते हुए 1986 में तत्कालीन प्रधान मंत्री श्री राजीव गाँधी ने नई शिक्षा नीति पर शिक्षाविदो का ध्यान केन्द्रित कर लागू किया था। पिछली शिक्षा नीतियों का जोर मुख्य रूप से शिक्षा के मुद्दों तक पहुँचने का था। 1986 की राष्ट्रीय शिक्षा नीति जिसे 1992 एन पीई 1986–92 में संशोधित किया गया था, के अधूरे काम को इस नीति के द्वारा पूरा करने का भरपूर प्रयास किया गया है। 1986–92 की पिछली नीति के बाद से एक बड़ा कदम निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा अधिनियम 2009 रहा है जिसने सार्वभौमिक प्रारम्भिक शिक्षा सुलभ कराने हेतु कानूनी आधार उपलब्ध करवाया। उक्त तथ्यों को ध्यान में रखकर वर्तमान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र दामोदर दास मोदी ने पूर्व (पिछली) शिक्षा नीति में संशोधन कर नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति बनाने हेतु 2016 में अंतरिक्ष वैज्ञानिक डॉ. के. कस्तूरी रंगन के नेतृत्व एक कमेटी का गठन किया।

प्रविधि

प्रभावी अध्ययन के लिए शोध पत्र से संबंधित प्राथमिक एवं द्वितीयक स्तर के स्रोत विभिन्न रिपोर्ट, सोर्स नेशनल साइकोलॉजिकल कारपोरेशन आगरा ए.पी.ए. पब्लिकेशन कारपोरेशन नई दिल्ली, नई शिक्षा नीति 2020 की रिपोर्ट,

Principal (Education)

...रीयर सुंदरलाल शर्मा ग्रन्थागार रायपुर, महानदी भवन शासकीय संग्रहालय रायपुर आधुनिक शिक्षा नीति के ...समय–समय पर प्रकाशित समाचार पत्र पत्रिका एवं प्रकाशित दस्तावेज आदि को अध्ययन में शामिल किया ...है तथा इसे अपने शोध पत्र में संकलित किया गया है।

उद्देश्य

1. विद्यार्थियों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना।
2. राष्ट्रीय शिक्षा नीति भारत के ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्र की प्रारंभिक शिक्षा को उच्च श्रेणी में परिवर्तित करना।

कक्षावार स्कूली शिक्षा का विभाजन

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में, शिक्षा अधिकार कानून के दायरे में 6 से 14 वर्ष के आयु वाले बच्चों की बात की गई है। इसके पूर्व पिछली शिक्षा नीति में प्राथमिक कक्षा से लेकर 12वीं कक्षा तक शिक्षा कानून लागू करने की बात की गई थी। डॉ. के. कस्तूरी रंगन ने नर्सरी से 12वीं कक्षा की पढ़ाई को 5+3+3+4 के फार्मूले के तहत चार चरणों में विभाजित किया है। जो इस प्रकार है

पहला चरण

3 से 8 वर्ष के आयु के बच्चों के लिए। इसे फाउंडेशनल स्टेज कहा गया है, जिसमें 3 साल की प्री स्कूली शिक्षा को सम्मिलित किया गया है, जिसके अन्तर्गत छात्रों का भाषा कौशल और शैक्षिक स्तर का मूल्यांकन होगा।

दूसरा चरण

तीसरी से 5वीं तक के बच्चों के लिए। इसे प्रिपेटरी स्टेज कहा गया है, जिसमें नई शिक्षा नीति के स्टेज में छात्रों का संख्यात्मक कौशल मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा तथा सभी बच्चों को क्षेत्रीय भाषा का ज्ञान दिया जाएगा।

तीसरा चरण

छठी से 8वीं तक के बच्चों के लिए। इसे मीडिल स्टेज कहा गया है, इसमें छठवीं से आठवीं तक के बच्चों को शामिल किया गया है। जिसमें छठवीं कक्षा के बच्चों से कोडिंग सिखाना शुरू किया जाएगा। चौथा अंतिम चरण 9वीं से 12वीं कक्षा तक के बच्चों के लिए इसे सेकेन्ड्री स्टेज कहा गया है। इस स्टेज में 9वीं से 12 वीं कक्षा तक के छात्रों को सम्मिलित किया गया है, इसके अन्तर्गत शैक्षिक पाठ्यक्रम को समाप्त करके बहुवैकल्पिक शैक्षिक पाठ्यक्रम को प्रारम्भ किया जाएगा, जिसमें छात्र किसी निर्धारित स्ट्रीम के भीतर नहीं बल्कि अपनी पसन्द के अनुसार अपने पाठ्य विषय का चयन कर सकता है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अन्तर्गत छात्रों को अपने विषयों को चयन करने की स्वतन्त्रता दी गई है। छात्र साइंस के विषयों के साथ कॉमर्स अथवा आर्ट्स के विषयों को चुन सकता है। इस प्रकार से एक स्ट्रीम के साथ बाकी स्ट्रीम की पढ़ाई स्वेच्छा अनुसार करने की पूरी छूट है।

पाठ्यक्रम व गृहकार्य

नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति के पाठयक्रम में भी बदलाव किया गया है। कक्षा तीसरी से पाँचवीं तक के छात्रों को प्रतिदिन 2 घण्टे का गृहकार्य दिया जाएगा। कक्षा छठवी से आठवी के विधार्थियों को 1 घण्टे का गृहकार्य दिया जाएगा तथा कक्षा 9वीं से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को 2 घण्टे का गृह कार्य होगा। यह भी निर्धारित किया गया है कि छात्रों का बैग उनके वजन से केवल 10 प्रतिशत होना चाहिए।

एल के जी एवं यू के जी में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को कोई होमवर्क नहीं दिया जाएगा, इसके अलावा पहली कक्षा एवं दूसरी कक्षा में पढ़ने वाले विधार्थियों को भी गृह कार्य नहीं दिया जाएगा। विद्यार्थियों के पुस्तकों का चयन करते समय उनके किताबों का वजन का भी ध्यान रखा जाएगा। विद्यार्थियों के पढ़ने वाले स्कूलों में पीने के स्वच्छ पानी व बाथरूम तथा कक्षा में बैठने की व्यवस्था का समुचित ध्यान रखा जाएगा। नेशनल एजुकेशन पालिसी के तहत

...टेरियर सुंदरलाल शर्मा ग्रन्थालय रायपुर, महानदी भवन शासकीय ग्रंथालय रायपुर आधुनिक शिक्षा नीति से संबंधित समय–समय पर प्रकाशित समाचार पत्र पत्रिका एवं प्रकाशित दस्तावेज आदि को अध्ययन में शामिल किया गया है तथा इसे अपने शोध पत्र में संकलित किया गया है।

उद्देश्य

1. विद्यार्थियों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना।
2. राष्ट्रीय शिक्षा नीति भारत के ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्र की प्रारंभिक शिक्षा को उच्च श्रेणी में परिवर्तित करना।

कक्षावार स्कूली शिक्षा का विभाजन

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में, शिक्षा अधिकार कानून के दायरे में 6 से 14 वर्ष के आयु वाले बच्चों की बात की गई है। इसके पूर्व पिछली शिक्षा नीति में प्राथमिक कक्षा से लेकर 12वीं कक्षा तक शिक्षा कानून लागू करने की बात की गई थी। डॉ. के. कस्तूरी रंगन ने नर्सरी से 12वीं कक्षा की पढ़ाई को 5+3+3+4 के फार्मूले के तहत चार चरणों में विभाजित किया है। जो इस प्रकार है

पहला चरण

3 से 8 वर्ष के आयु के बच्चों के लिए। इसे फंडामेन्टल स्टेज कहा गया है, जिसमें 3 साल की प्री स्कूली शिक्षा को सम्मिलित किया गया है, जिसके अन्तर्गत छात्रों का भाषा कौशल और शैक्षिक स्तर का मूल्यांकन होगा।

दूसरा चरण

तीसरी से 5वीं तक के बच्चों के लिए। इसे प्रिपेटरी स्टेज कहा गया है, जिसमें नई शिक्षा नीति के स्टेज में छात्रों का संख्यात्मक कौशल मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा तथा सभी बच्चों को क्षेत्रीय भाषा का ज्ञान दिया जाएगा।

तीसरा चरण

छठी से 8वीं तक के बच्चों के लिए। इसे मीडिल स्टेज कहा गया है, इसमें छठवीं से आठवीं तक के बच्चों को शामिल किया गया है। जिसमें छठवीं कक्षा के बच्चों से कोडिंग सिखाना शुरू किया जाएगा। चौथा अंतिम चरण 9वीं से 12वीं कक्षा तक के बच्चों के लिए इसे सेकेन्ड्री स्टेज कहा गया है। इस स्टेज में 9वीं से 12 वीं कक्षा तक के छात्रों को सम्मिलित किया गया है, इसके अन्तर्गत शैक्षिक पाठ्यक्रम को समाप्त करके बहुवैकल्पिक शैक्षिक पाठ्यक्रम को प्रारम्भ किया जाएगा, जिसमें छात्र किसी निर्धारित स्ट्रीम के भीतर नहीं बल्कि अपनी पसन्द के अनुसार अपने पाठ्य विषय का चयन कर सकता है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अन्तर्गत छात्रों को अपने विषयों को चयन करने की स्वतन्त्रता दी गई है। छात्र साइंस के विषयों के साथ कॉमर्स अथवा आर्ट्स के विषयों को चुन सकता है। इस प्रकार से एक स्ट्रीम के साथ बाकी स्ट्रीम की पढ़ाई स्वेच्छा अनुसार करने की पूरी छूट है।

पाठ्यक्रम व गृहकार्य

नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति के पाठ्यक्रम में भी बदलाव किया गया है। कक्षा तीसरी से पाँचवीं तक के छात्रों को प्रतिदिन 2 घण्टे का गृहकार्य दिया जाएगा। कक्षा छठवीं से आठवीं के विधार्थियों को 1 घण्टे का गृहकार्य दिया जाएगा तथा कक्षा 9वीं से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को 2 घण्टे का गृह कार्य होगा। यह भी निर्धारित किया गया है कि छात्रों का बैग उनके वजन से केवल 10 प्रतिशत होना चाहिए।

एल के जी एवं यू के जी में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को कोई होमवर्क नहीं दिया जाएगा, इसके अलावा पहली कक्षा एवं दूसरी कक्षा में पढ़ने वाले विधार्थियों को भी गृह कार्य नहीं दिया जाएगा। विद्यार्थियों के पुस्तकों का चयन करते समय उनके किताबों का वजन का भी ध्यान रखा जाएगा। विद्यार्थियों के पढ़ने वाले स्कूलों में पीने के स्वच्छ पानी व बाथरूम तथा कक्षा में बैठने की व्यवस्था का समुचित ध्यान रखा जाएगा। नेशनल एजुकेशन पालिसी के तहत

विद्यार्थियों के पाठ्यक्रम में शारीरिक शिक्षा तथा एकेडमिक स्ट्रीम आदि को बाँटा नहीं जाएगा। इस प्रकार से नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उद्देश्य छात्रों के शिक्षा स्तर को और छात्रों के शैक्षिक क्षमता को और अधिक विकसित करना है।

नीति आधार भूत सिद्धान्त

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में शैक्षिक प्रणाली का उद्देश्य अच्छे इंसान का विकास करना है, जो तर्क संगत विचार और कार्य करने में सक्षम हो। जिसमें करुणा और सहानुभूति, साहस और लचीलापन, वैज्ञानिक चिंतन और रचनात्मक कल्पना शक्ति एवं नैतिक मूल्यों का आधार हो। एक अच्छी शैक्षणिक संस्था वह होती है, जिसमें प्रत्येक छात्र का स्वागत हो और उसकी समुचित देखभाल की जाय एवं एक सुरक्षित और प्रेरणादायक शिक्षण वातावरण मौजूद हो, जहाँ सभी छात्रों को सीखने की विविध प्रकार नवीन तकनीकी प्रणाली उपलब्ध हो। हर बच्चे की विशिष्ट क्षमताओं की स्वीकृति पहचान और उनके विकास हेतु सफल बुनियादी प्रयास होगा। बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान को सर्वाधिक प्राथमिकता देना जिसमें सभी बच्चे कक्षा 3 तक साक्षरता, संख्याज्ञान जैसे सीखने मूलभूत कौशल को हासिल कर सकें। शिक्षा एक सार्वजनिक सेवा है, गुणवत्ता पूर्ण मनोवांछित शिक्षा तक पहुँचाना नई शिक्षा नीति का आधारभूत सिद्धान्त है।

एक समग्र और बहु–विषयक शिक्षा का उद्देश्य मनुष्य की सभी क्षमताओं, बौद्धिक सौन्दर्यात्मक, सामाजिक शारीरिक, भावात्मक तथा नैतिक को एकीकृत तरीके से विकसित होगी। ऐसी शिक्षा व्यक्ति के सर्वांगीण विकास कला, मानविकी, भाषा विज्ञान, सामाजिक विज्ञान व्यवसायिक तकनीकी शिक्षा आदि को आधारभूत संरचना प्रदान करेगी।

व्यवसायिक शिक्षा का नवीन आंकलन

व्यवसायिक शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्रों की कम संख्या होने के पीछे एक प्रमुख कारण यह तथ्य है कि अतीत में व्यवसायिक परीक्षा मुख्य रूप से कक्षा 11–12 और कक्षा 8वीं और उससे ऊपर की कक्षा के ड्राप आउट्स पर केन्द्रित थी। इसके अलावा, व्यवसायिक विषयों के साथ 11वीं, 12वीं पास करने वाले विद्यार्थियों के पास अक्सर उच्चतर शिक्षा में अपने चुने गए व्यवसाय क्षेत्र में आगे बढ़ने का स्पष्ट मार्ग नहीं होता है। सामान्य उच्चतर शिक्षा के लिए प्रवेश मापदंड भी व्यवसायिक शिक्षा की योग्यता वाले विद्यार्थियों के लिए अवसरों की उपलब्धता को सुनिश्चित करने की दृष्टि से डिजाइन नहीं किए गए थे। फलस्वरूप वे अपने ही देश अन्य लोगों के सापेक्ष "मुख्य धारा की शिक्षा" या "एकेडमिक शिक्षा" से वंचित रह जा रहे थे। इसने व्यवसायिक शिक्षा के विषयों से सम्बन्धित विद्यार्थियों लिए शिक्षा में सीधे–सीधे आगे बढ़ने के रास्तों को पूरी तरह से बंद ही कर दिया और एक ऐसा मुद्दा है जिसे अभी वर्ष 2013 राष्ट्रीय कौशल योग्यता फ्रेमवर्क (एनएसक्यूएफ) की घोषणा के माध्यम सम्बोधित करने का प्रयास किया गया है। इस नीति का उद्देश्य व्यवसायिक शिक्षा से जुड़ी सामजिक पदानुक्रम की स्थिति को दूर करना है और उसके लिए आवश्यक होता समस्त शिक्षण संस्थान जैसे स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय चरणबद्ध तरीके से व्यवसायिक शिक्षा के कार्यक्रमों को मुख्य धारा की शिक्षा से एकीकृत करे। इसकी शुरुआत आरंभिक वर्षों में व्यवसायिक शिक्षा के अनुभव प्रदान करने से हो जो कि फिर सुचारू रूप से उच्चतर माध्यमिक,माध्यमिक, कक्षाओं से होते हुए उच्चतर शिक्षा तक जाए। इस तरह से व्यवसायिक शिक्षा को एकीकृत करना यह सुनिश्चित करेगा कि प्रत्येक बच्चा कम से कम एक व्यवसाय से जुड़े, कौशलों को सीखें और अन्य कई व्यवसायों से इस प्रकार परिचित हो। ऐसा करने के परिणामस्वरूप वह श्रम की महत्ता और भारतीय कलाओं और कारीगरी सहित अन्य विभिन्न व्यवसायों के महत्व से परिचित होगा।

वर्ष 2025 तक स्कूल और उच्चतर शिक्षा प्रणाली के माध्यम से कम से कम 50 प्रतिशत विद्यार्थियों को व्यवसायिक शिक्षा प्रदान करने का लक्ष्य है। अगले दशक में चरणबद्ध तरीके से सभी माध्यमिक स्कूलों के शैक्षणिक विषयों में व्यवसायिक शिक्षा को एकीकृत किया जाएगा। इसके लिए माध्यमिक विद्यालय, आई टी आई, पोलिटेक्निक और स्थानीय उद्योगों को स्थापित किया जाएगा ।

इस प्रक्रिया को प्रारम्भ करने वाले संस्थानों के लिए आवश्यक है कि वे नवाचार के माध्यम से ऐसे मॉडल और प्रक्रियाओं की खोज करें जो कि सफल हो और फिर उन्हें एनसीईआरटी द्वारा स्थापित तंत्र के माध्यम से अन्य संस्थानों के साथ साझा करें, ताकि व्यावसायिक शिक्षा की पहुँच को विस्तार देने में सहायता मिल सके। व्यावसायिक शिक्षा और अप्रेंटिसशिप प्रदान करने वाले विभिन्न मॉडलों को उच्चतर शिक्षा संस्थानों द्वारा भी प्रयोग में लाया जाएगा। उद्योगों के साथ साझेदारी के तहत उच्चतर शिक्षा संस्थानों में इनक्यूबेशन केन्द्र स्थापित किए जाएंगे। राष्ट्रीय कौशल योग्यता फ्रेमवर्क को प्रत्येक विषय व्यवसाय/रोजगार के लिए अधिक विस्तारपूर्वक निर्मित किया जाएगा। यह फ्रेमवर्क पूर्ववर्ती शिक्षा की आवश्यकता के लिए आधार प्रदान करेगा। इस माध्यम से ड्रॉप आउट हो चुके बच्चों के व्यावहारिक अनुभव को फ्रेमवर्क के प्रासंगिक स्तर के साथ जोड़कर उन्हें पुनः औपचारिक प्रणाली में जोड़ा जाएगा। क्रेडिट आधारित यह फ्रेमवर्क, छात्रों को सामान्य से व्यावसायिक शिक्षा तक जाने को सुगम बनाएगा।

निष्कर्ष

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एक सुदृढ़ नवीन नवाचार से युक्त शिक्षा नीति है जिसमें छात्रों को विद्यालयी शिक्षा के साथ व्यावसायिक शिक्षा की समुचित व्यवस्था करने की योजना है। पिछली शिक्षा प्रणाली जो 1986 में लागू की गयी थी उसमें केवल शैक्षिणिक व्यवस्था का प्रावधान था। हॉलाकि 1992 में कुछ संशोधन किया गया था परन्तु उसमें बहुत सी खामिया शेष रह गयी थी, जिसको नयी शिक्षा नीति 2020 के तहत दूर करने सफल प्रयास किया गया है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भारत को विकसित, सुशिक्षित रोजगार परक, लक्ष्य प्रेरित राष्ट्र बनाने में सुदृढ़ कड़ी का काम करेगी। छात्रों को गुणवत्ता पूर्ण, तकनीकी व्यावसायिक शिक्षा प्रदान करने हेतु महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी। इस राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अध्यक्ष डॉ. के. कस्तूरी रंगन ने शैक्षिक, व्यावसायिक, अन्य विकासात्मक दक्षताओं को प्रभावी ढंग से विद्यालयी शिक्षा में शामिल कर छात्र हितग्राही किया है।

संदर्भ सूची

1. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2000।
2. केस फॉर टीचर्स इन न्यू एजुकेशन पॉलिसी 2020।
3. ग्रोवर जी. एस., वेकेशन एनवायरमेंट एंड एजुकेशन नेशनल चॉइस, साइकोलॉजिकल कॉर्पोरेशन, आगरा

———□———

राष्ट्रीय शिक्षा नीति और अध्यापक शिक्षा

मीना पाण्डेय,
सहायक प्राध्यापक
संदीपनी एकेडमी, अछोटी, जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़

सार

भारत की राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 जिसे 29 जुलाई 2020 को भारत के केन्द्रीय मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित किया गया था, जो भारत की नई शिक्षा प्रणाली के दृष्टिकोण को रेखांकित करती है। नई शिक्षा नीति शिक्षा पर पिछली राष्ट्रीय नीति, 1986 की जगह लेती है। नीति ग्रामीण और शहरी भारत दोनों में प्रारंभिक शिक्षा से उच्च शिक्षा के साथ–साथ व्यवसायिक परीक्षण के लिए एक व्यापक ढांचा है। नीति का लक्ष्य 2040 तक भारत की शिक्षा प्रणाली को बदलना है।

एन. ई. पी. 2020 में शिक्षको की शक्ति को स्वीकार करते हुये उसमे प्रणालीगत सुधार किए है और शिक्षक शिक्षा के मामले मे कई नीतिगत बदलावो को सामने रखता है। शिक्षक बनने के लिए 2030 तक चार वर्षीय बेचलर ऑफ एजुकेशन न्युनतम आवश्यकता होगी। शिक्षक भर्ती प्रक्रिया को भी मजबूत और पारदर्शी बनाया जाएगा। शिक्षक शिक्षा के लिए राष्ट्रीय परिषद, शिक्षक शिक्षा के लिए एक राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूप रेखा 2021 तक, शिक्षको के लिए 2022 तक फ्रेम किया जायेगा और एक राष्ट्रीय व्यावसायिक मानक नीति तैयार किया जायेगा जो पदोन्नति और वेतन वृद्धि का आधार होगा।

एक की शक्ति

हमारा जनसांख्यिकीय आकार और घर हमें पराजित कर सकते है, हालांकि, यह एक सामान्य कारक है जो ज्वार को मोड़ सकता है और एक प्रगतिशील, लचीली, बहु–विषय प्रौद्योगिकी और कौशल केन्द्रित शिक्षा प्रणाली बनने के लिए भारतीय प्रणाली को लक्ष्यहीनता और अनम्यता के वर्तमान दलदल से बाहर निकाल सकता है, जिसमे कुशल, रोजगार योग्य और नैतिक शिक्षार्थी पैदा करने की क्षमता होगी। यह सामान्य कारक है– शिक्षक। कोठारी आयोग, 1966 ने कहा, "शिक्षा की गुणवत्ता और राष्ट्रीय विकास में इसके योगदान को प्रभावित करने वाले सभी विभिन्न कारको मे से गुणवत्ता, क्षमता और चरित्र शिक्षको की संख्या निस्संदेह सबसे महत्वपूर्ण है।", एनईपी 2020 भी प्रोत्साहित करता है। शिक्षक वास्तव मे हमारे बच्चों के भविष्य को आकार देते है, और इसलिए, हमारे राष्ट्र का भविष्य, जिसका अर्थ है कि शिक्षक अपनी कक्षाओ मे मानव संसाधन की उच्च गुणवत्ता बनाकर राष्ट्र निर्माण मे सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। एनईपी 2020 ने भारतीय कक्षाओ में खराब परिणामों के लिए शिक्षको को दोष देने के बजाय, शिक्षको को सशक्त बनाने और इस पेशे के लिए, उच्च सम्मान और स्थिति बहाल करने के लिए नई सुधारो का प्रस्ताव करता है।

अध्यापक शिक्षा

- अगली पीढ़ी को आकार देने वाले शिक्षकों की एक टीम के निर्माण में अध्यापक शिक्षा की भूमिका महत्वपूर्ण है। शिक्षकों को तैयार करना एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसके लिए बहु–विषयक दृष्टिकोण और ज्ञान की आवश्यकता के साथ ही साथ बेहतरीन मेंटरों के निर्देशन में मान्यताओं और मूल्यों के निर्माण के साथ ही साथ उनके अभ्यास की भी आवश्यकता होती है। यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि अध्यापक शिक्षा और शिक्षण प्रक्रियाओं से संबंधित अद्यतन प्रगति के साथ ही साथ भारतीय मूल्यों, भाषाओं, ज्ञान, लोकाचार, और परंपराओं जनजातीय परंपराओं सहित के प्रति भी जागरूक रहें।
- उच्चतम न्यायालय द्वारा गठित न्यायमूर्ति जे. एस. वर्मा. आयोग (2012) के अनुसार, स्टैंड–अलोन टीईआई, जिनकी संख्या 10,000 से अधिक है, अध्यापक शिक्षा के प्रति लेशमात्र गंभीरता से प्रयास नहीं कर रहे है,

बल्कि इसके स्थान पर ऊंचे दामों पर डिग्रियों को बेच रहे हैं। इस दिशा में अब तक किए गए विनियामक प्रयास न तो सिस्टम में बड़े पैमाने पर व्याप्त भ्रष्टाचार को रोक पाए हैं, और न ही गुणवत्ता के लिए निर्धारित बुनियादी मानकों को ही लागू कर पाए हैं, बल्कि इन प्रयासों का इस क्षेत्र में उत्कृष्टता और नवाचार पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। अतः इस सेक्टर और इसकी नियामक प्रणालियों में महत्वपूर्ण कार्यवाहियों के द्वारा पुनरूद्धार की तात्कालिक आवश्यकता है, जिससे कि गुणवत्ता के उच्चतर मानकों को निर्धारित किया जा सके और शिक्षक शिक्षा प्रणाली में अखंडता, विश्वसनीयता, प्रभाविता और उच्चतर गुणवत्ता को बहाल किया जा सके।

- शिक्षण पेशे की प्रतिष्ठा को बहाल करने के लिए आवश्यक नैतिकता और विश्वसनीयता के स्तरों में सुधार को सुनिश्चित करने और फिर इसके द्वारा एक सफल विद्यालयी प्रणाली सुनिश्चित करने के लिए, नियामक प्रणाली को, उन निम्न स्तरीय और बेकार अध्यापक शिक्षा संस्थानों (टीईआई) के खिलाफ उल्लंघन के लिए एक वर्ष का समय दिये जाने के पश्चात्, कठोर कार्यवाही करने का अधिकार होगा जो बुनियादी शैक्षिक मानदंडों को पूरा नहीं कर पा रहे हैं। वर्ष 2030 तक, केवल शैक्षिक रूप से सुदृढ़, बहु–विषयक और एकीकृत अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम ही कार्यान्वित होंगे।

- चूंकि, अध्यापक शिक्षा के लिए बहु–विषयक / बहु–विषयक इनपुट के साथ ही साथ उच्चतर गुणवत्तायुक्त विषयवस्तु और शैक्षणिक प्रक्रियाओं की आवश्यकता होती है, अतः इसे ध्यान में रखते हुए सभी अध्यापक शिक्षा कार्यक्रमों को समग्र बहु–विषयी संस्थानों में ही आयोजित किया जाना चाहिए। इसके लिए, सभी बड़े बहु–विषयक विश्व विद्यालयों के साथ–साथ सभी सार्वजनिक विश्वविद्यालय और बड़े बहु–विषयक महाविद्यालय का लक्ष्य होगा कि वे अपने यहाँ ऐसे उत्कृष्ट शिक्षा विभागों की स्थापना और विकास करें, जो कि शिक्षा में अत्याधुनिक अनुसंधानो को अंजाम देने के साथ ही साथ मनोविज्ञान, दर्शनशास्त्र, समाजशास्त्र, तंत्रिकाविज्ञान, भारतीय भाषाओं, कला, संगीत, इतिहास और साहित्य के साथ–साथ विज्ञान और गणित जैसे अन्य विशिष्ट विषयों से संबंधित विभागों के सहयोग से भविष्य के शिक्षकों को शिक्षित करने के लिए बी.एड. कार्यक्रम भी संचालित करेंगे। इसके साथ ही साथ वर्ष 2030 तक सभी एकल शिक्षक शिक्षा के संस्थानों को बहु–विषयक संस्थानों के रूप में बदलने की आवश्यकता होगी क्योंकि उन्हें भी 4–वर्षीय एकीकृत शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों को संचालित करना होगा।

- वर्ष 2030 तक बहु–विषयक उच्चतर शिक्षण संस्थानों द्वारा प्रदान किया जाने वाला यह 4–वर्षीय एकीकृत बी.एड. कार्यक्रम स्कूली शिक्षकों के लिए न्यूनतम डिग्री योग्यता बन जाएगा। यह 4–वर्षीय एकीकृत बी.एड. शिक्षा और इसके ही एक अन्य विशेष विषय जैसे भाषा, इतिहास, संगीत, गणित कम्प्यूटर विज्ञान, रसायनविज्ञान, अर्थशास्त्र, आदि में एक समग्र डयुअल मेजर स्नातक डिग्री होगी। अत्याधुनिक शिक्षा शास्त्र के शिक्षण के साथ ही साथ शिक्षक–शिक्षा में समाजशास्त्र, इतिहास, विज्ञान, मनोविज्ञान, प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा, बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान, भारत से जुड़े ज्ञान और इसके मूल्यों / लोकाचार / कला / परंपराएं और भी बहुत कुछ शामिल होगा। 4–वर्षीय एकीकृत बी.एड. प्रदान करने वाला प्रत्येक उच्चतर शिक्षण संस्थान, किसी एक विषय विशेष में पहले से ही स्नातक की डिग्री हासिल कर चुके ऐसे उत्कृष्ट विद्यार्थी जो आगे चलकर शिक्षण करना चाहते हैं, के लिए अपने परिसर में 2–वर्षीय बी.एड. कार्यक्रम भी डिजाइन कर सकते हैं। विशेष रूप से ऐसे उत्कृष्ट विद्यार्थी जिन्होंने किसी विशेष विषय में 4 वर्ष की स्नातक की डिग्री प्राप्त की है, के लिए 1–वर्षीय बी.एड. कार्यक्रम भी ऑफर किया जा सकता है। इन 4–वर्षीय, 2–वर्षीय और 1–वर्षीय, बी.एड. कार्यक्रमों के लिए उत्कृष्ट उम्मीद्वारों को आकर्षित करने के उद्देश्य से मेधावी विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्तियों की स्थापना की जाएगी।

- अध्यापक शिक्षा प्रदान करने वाले उच्चतर शिक्षण संस्थान, शिक्षा और इससे संबंधित विषयों के साथ ही साथ विशेष विषयों में विशेषज्ञों की उपलब्धता को सुनिश्चित करेंगे। प्रत्येक उच्चतर शिक्षा संस्थान के पास सघन

जुड़ाव के साथ काम करने के लिए सार्वजनिक और निजी स्कूलों और स्कूल परिसरों का एक नेटवर्क होगा, जहाँ भावी शिक्षक अन्य सहायक गतिविधियों जैसे सामुदायिक सेवा, वयस्क और व्यावसायिक शिक्षा, आदि में सहभागिता के साथ शिक्षण का कार्य करेंगे।

- शिक्षक शिक्षा के लिए एकसमान मानकों को बनाए रखने के लिए, पूर्व–सेवा शिक्षक तैयारी कार्यक्रमों में प्रवेश राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा आयोजित उपयुक्त विषय ओर योग्यता परीक्षणों के माध्यम से होगा, और देश की भाषाई और सांस्कृतिक विविधता को ध्यान में रखते हुए मानकीकृत किया जाएगा।
- शिक्षा विभाग में संकाय सदस्यों की प्रोफाइल में विविधता होना एक आवश्यक लक्ष्य होगा, लेकिन शिक्षण / फील्ड / शोध के अनुभवों को महत्ता प्रदान की जाएगी। सीधे–सीधे विद्यालयी शिक्षा से जुड़ने वाले सामाजिक विज्ञान के क्षेत्रों (जैसे, मनोविज्ञान, बालविकास, भाषाविज्ञान, समाजशास्त्र, दर्शन, अर्थशास्त्र और राजनीति विज्ञान) के साथ ही साथ विज्ञान शिक्षा, गणित शिक्षा, सामाजिक विज्ञान शिक्षा और भाषा शिक्षा जैसे कार्यक्रमों से संबंधित विषयों में प्रशिक्षण प्राप्त संकाय सदस्यों को शिक्षक शिक्षा संस्थानों में आकर्षित और नियुक्त किया जाएगा, जिससे कि शिक्षकों की बहु–विषयी शिक्षा को और उनके अवधारणात्मक विकास को मजबूती प्रदान की जा सके।
- सभी नए पीएच–डी. प्रवेशकर्ताओं, चाहे वे किसी भी विषय में प्रवेश लें, से अपेक्षित होगा कि वे अपनी डोकटोरल प्रशिक्षण अवधि के दौरान उनके द्वारा चुने गए पीएच–डी विषय से संबंधित शिक्षण / शिक्षा / अध्यापन / लेखन में क्रेडिट आधारित पाठयक्रम लें। उनकी डॉक्टरेट प्रशिक्षण अवधि के दौरान उन्हें शैक्षणिक प्रक्रियाओं, पाठयक्रम निर्माण, विश्वसनीय मूल्यांकन प्रणाली, और संचार जैसे क्षेत्रों का अनुभव प्रदान किया जाएगा, क्योंकि संभव है कि इनमें कई शोध विद्वान अपने चुने हुए विषयों के संकाय सदस्य या सार्वजनिक प्रतिनिधि / संचारक बनेंगे। पीएच–डी छात्रों के लिए शिक्षण सहायक और अन्य साधनों के माध्यम से अर्जित किए गए वास्तविक शिक्षण अनुभव के न्यूनतम घंटे भी तय होंगे। देशभर के विश्वविद्यालयों में संचालित पीएच–डी. कार्यक्रमों का इस उद्देश्य के लिए पुनरुन्मुखीकरण किया जाएगा।
- कॉलेज और विश्वविद्यालय के शिक्षकों के लिए सेवारत सतत् व्यावसायिक विकास का प्रशिक्षण मौजूदा संस्थागत व्यवस्था और जारी पहलों के माध्यम से ही जारी रहेगा। हालांकि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए आवश्यक समृद्ध शिक्षण–अधिगम प्रक्रियाओं की आवश्कताओं को पूरा करने के लिए इनका सुदृढ़ीकरण और विस्तार किया जाएगा। शिक्षकों के ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए स्वयं / दीक्षा जैसे प्रौद्योगिकी प्लेटफार्मों के उपयोग को प्रोत्साहित किया जाएगा, ताकि मानकीकृत प्रशिक्षण कार्यक्रमों को कम समय के भीतर अधिक शिक्षकों को मुहैया कराया जा सके।
- सहाल (मेंटरिंग) के लिए एक राष्ट्रीय मिशन को स्थापित किया जाएगा जिसमें बड़ी संख्या में वरिष्ठ / सेवानिवृत्त उत्कृष्ट संकाय सदस्यों को जोड़ा जाएगा। इनमें वे संकाय सदस्य भी शामिल होंगे जिनमें भारतीय भाषाओं में पढ़ाने की क्षमता है और जो विश्वविद्यालय / कॉलेज शिक्षकों को लघु और दीर्घकालिक परामर्श / व्यावसायिक सहायता प्रदान करने के लिए तैयार होंगे।

निष्कर्ष

बेजामिन डिसरायली ने कहा था, 'सफलता का रहस्य यह है कि जब अवसर आये तैयार रहना।' भारतीय शिक्षको के लिए अवसर का लाभ, उनके और अपने भाग्य का निर्माता बनने का समय आ गया है। ऐसा करने के लिए मेहनत करे और एक जागरूक, उत्साही सशक्त व्यवसायी बने, अपने विचार साझा करे, प्रयोग और शोध करके आगे बढे। अपने साथियों के विचारो, विश्वासो और अनुभवो से भी अंतदृष्टि प्राप्त करे। शिक्षार्थियों की पीढ़ियो के साथ सुंदर संबंध बनाकर अपनी यात्रा का आनंद ले, जो आपनी कक्षाओं के माध्यम से परिवर्तन होते है और जीवन भर सीखने वाले बने रहते है।

नई शिक्षा नीति और स्कूल शिक्षा

विवेक कुमार गौतम,
शोधार्थी
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग, छत्तीसगढ़

सारांश

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, 21वी शताब्दी की पहली शिक्षा नीति है जिसका लक्ष्य देश के शिक्षा में नवाचार के साथ संशोधन कर नवीन शिक्षा प्रणाली को लागू करना है। नई शिक्षा नीति के तहत सभी विद्यार्थियों के लिए चाहे उनका निवास स्थान कहीं भी हो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना। यह शिक्षा नीति केन्द्रित शिक्षा प्रणाली की संरचना करती है जो छात्रों को उच्च गुणवत्ता से युक्त शिक्षा प्रदान करने में सक्षम हो। 1986 की राष्ट्रीय शिक्षा जी से जिसे 1992 में संशोधित किया गया था के अधूरे कार्य को इस नीति के द्वारा पूरा करने का भरपूर प्रयास किया गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 सार्वभौमिक प्रारम्भिक शिक्षा उपलब्ध कराने में पूर्णतः सक्षम है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की समिति का गठन 2016 में अंतरिक्ष वैज्ञानिक डॉ. के कस्तूरीरंगन की अध्यक्षता में किया गया था। राष्ट्रीय शिक्षा नीति भारत के ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों की प्रारम्भिक शिक्षा को उच्चतर श्रेणी में परिवर्तित कर नया आगाम देने में पूर्णतः सक्षम है। इसमें पठन–पाठन के साथ–साथ छात्रों के व्यवसायिक परीक्षण हेतु व्यापक टाँचा निहित है, जिसका एक मात्र लक्ष्य विद्यार्थियों व्यवसायिक शिक्षा प्रदान कर सुयोग्य कामयाब नागरिक बनाना है। छात्रों के सार्वभौमिक विकास में शिक्षा की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। शिक्षा और रोजगार व्यक्ति के विकास अहम कड़ी है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत विद्यार्थियों को प्रारंभिक शिक्षा उनकी मातृभाषा में देने की कार्य योजना है, जिससे वे शीघ्र अधिगम कर सकें। राष्ट्रीय शिक्षा नीति व्यवसायिक शिक्षा पर ज्यादा बल देती है, विभिन्न कौशलों के प्रशिक्षण द्वारा छात्रों को प्रशिक्षित करना इस शिक्षा नीति लक्ष्य है। इस शिक्षा नीति का उद्देश्य 2040 तक पूर्ण रूप से भारत की शिक्षा प्रणाली को बदलना है।

मुख्य शब्द

शिक्षा, तकनीकी, गुरुकुल, राष्ट्र, भाषा, कौशल।

प्रस्तावना

मानव व्यक्तित्व के विकास में शिक्षा की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। समुचित शिक्षा ही मानव को पूर्ण बनने में अद्भुत सहयोग प्रदान करती है। यों कहें तो विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में शिक्षा का अहम रोल है। इन्हीं स्थितियों को ध्यान में रखते हुए 1986 में तत्कालीन प्रधान मंत्री श्री राजीव गाँधी ने नई शिक्षा नीति पर शिक्षाविदो का ध्यान केन्द्रित कर लागू किया था। पिछली शिक्षा नीतियों का जोर मुख्य रूप से शिक्षा के मुद्दों तक पहुँचने का था। 1986 की राष्ट्रीय शिक्षा नीति जिसे 1992 एन पीई 1986–92 में संशोधित किया गया था, के अधूरे काम को इस नीति के द्वारा पूरा करने का भरपूर प्रयास किया गया है। 1986–92 की पिछली नीति के बाद से एक बड़ा कदम नि:शुल्क और अनिवार्य शिक्षा अधिनियम 2009 रहा है जिसने सार्वभौमिक प्रारम्भिक शिक्षा सुलभ कराने हेतु कानूनी आधार उपलब्ध करवाया। उक्त तथ्यों को ध्यान में रखकर वर्तमान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र दामोदर दास मोदी ने पूर्व (पिछली) शिक्षा नीति में संशोधन कर नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति बनाने हेतु 2016 में अंतरिक्ष वैज्ञानिक डॉ. के. कस्तूरी रंगन के नेतृत्व एक कमेटी का गठन किया।

प्रविधि

प्रभावी अध्ययन के लिए शोध पत्र से संबंधित प्राथमिक एवं द्वितीयक स्तर के स्रोत विभिन्न रिपोर्ट, सोर्स नेशनल साइकोलॉजिकल कारपोरेशन आगरा ए.पी.ए. पब्लिकेशन कारपोरेशन नई दिल्ली, नई शिक्षा नीति 2020 की रिपोर्ट,

International Research Journal of Human Resources and Social Sciences
ISSN(O): (2349-4085) ISSN(P): (2394-4218)
Impact Factor- 5.414, Volume 4, Issue 12, December 2017
Website- www.aarf.asia, Email : editor@aarf.asia , editoraarf@gmail.com

Inclusion in Ancient India and it's Necessity in Present Context

Dr. Najiya Ahemad (Assistant Professor)
Sandipani Academy Achhoti, Murmunda -Durg

Abstract

This paper presents that how the practice of inclusive education is beneficial for disabled children as well as their non disabled peers and their teachers. Research done by McKinsey & Company has been mentioned in the paper. In the second section, an inclusive education system of the Vedic period has been explained and the importance of an inclusive society has been described. In the third section background of India's efforts after independence has been mentioned, this includes different policies and programs launched by government of India. In the forth section the importance of Proposed Advance Education Policy in making an inclusive society and an inclusive education system has been mentioned with some of the steps that government should take.

Introduction

In inclusive education, all students are supported to learn, contribute and participate in all aspects of school life and are welcomed by their neighborhood schools for regular studies according to age.

Throughout the world, students with disabilities are progressively educated along with their nondisabled peers in an exercise known as inclusion (Kumar and Kumar, 2007). Inclusion is glaringly featured in a number of global declarations, education policies and national laws. These policies, tied with the hard work of advocates for the rights of people with disabilitieshave led to a significant upsurge in the number of students with disabilities who receive education alongside their non-disabled peers.

There is clear and reliable indication that inclusive educational settings can impart considerable short-term and long-term advantages for students with or without disabilities (Hehir et. al, 2016). Involved students develop stronger skills in math and reading that reduce

for Principal (Education) Sandipani Academy Achhoti, Distt. Durg (C.G.)

International Journal of Research in Economics and Social Sciences(IJRESS)
Available online at: http://euroasiapub.org
Vol. 9 Issue 3, March- 2019
ISSN(o): 2249-7382 | Impact Factor: 6.939 |

शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में नवाचारी प्रयोग एवं तकनीकी का योगदान

डॉ. संध्या पुजारी (सहायक प्राध्यापक)
सांदीपनी एकेडमी अछोटी, मुरमुंदा (दुर्ग)

सारांश

शिक्षण अधिगम को सार्थक और प्रभावशाली बनाने का प्रयास अनवरत् रूप से जारी है तकनीकी क्षेत्र में हुए आविष्कारों द्वारा शिक्षण की प्रक्रिया को कैसे सबल बनाया जाये, शिक्षण विधि, प्रविधि ,शिक्षण सामग्री में क्या परिवर्तन किये जायें ? उद्देश्यों कि अधिकतम प्राप्ति कैसे की जाये ? जब शिक्षा के क्षेत्र में इन बिन्दुओं पर गहन चिन्तन के बाद एक नया क्षेत्र उभर कर आया जिसे शैक्षिक तकनीकी कहा गया । अत : शैक्षिक तकनीकी एक ऐसा सम्प्रत्यय है जिसमें अधिगम परिस्थितियों का समुचित नियोजन एवं व्यवस्था करके शिक्षण अधिगम प्रकिया की प्रभावशीलता को बढ़ाने का प्रयास किया जाता है । शैक्षिक तकनीकी को शैक्षिक लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु अपनायी गयी उन समन्वित, सम्बद्ध, सार्थक शैक्षिक प्रौद्योगिकी की श्रृंखला कहा जा सकता है जिनका उद्देश्य शिक्षण अधिगम प्रकिया को व्यापक स्तर पर सरल, सरस , प्रभावी तथा तीव्रगामी बनाना होता है इसने शिक्षा के सभी पक्षों को प्रभावित किया है ।

कीवर्ड – प्रोद्योगिकी, शिक्षण– आधिगम प्रकिया, बहुमाध्यम उपागम, शैक्षिक तकनीकी

प्रस्तावना

सर्वप्रथम, शिक्षण में तकनीकी का प्रयोग 1926 में अमेरिका में ओहियो राज्य विश्वविद्यालय में सिडनी प्रैसी ने शिक्षण मशीन के निर्माण द्वारा प्रारम्भ किया। इस मशीन का निर्माण एक शिक्षण युक्ति के रूप में जाँच हेतु किया गया था। तत्पश्चात् 1930–40 के लगभग लम्सडेन तथा ग्लैसर आदि तकनीकी विशेषज्ञों ने शिक्षण को यंत्रीकरण करने का प्रयत्न किया। यह कार्य कुछ विशेष प्रकार की पुस्तकों, कार्डों व बोड़ों के रूप में प्रस्तुत किया गया।

किन्तु वास्तव में शैक्षिक तकनीकी के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य सन् 1954 में बी. एफ. स्किनर के प्रयोगों द्वारा प्रारम्भ हुआ। स्किनर ने जानवरों पर किये गये परीक्षणों का उपयोग शिक्षा के क्षेत्र में सीखने के लिए किया। उसके इन्हीं परीक्षणों के फलस्वरूप अभिक्रमित अधिगम का विकास हुआ। इसी के अनुरूप इंग्लैण्ड में सर्वप्रथम ब्राइनमौर ने प्रयोग किया। तत्पश्चात् औद्योगिक क्रान्ति तथा अन्य क्षेत्रों

Principal
(Education)
Sandipani Academy
Achhoti, Distt. Durg (C.G.)

International Research Journal of Human Resources and Social Sciences
ISSN(O): (2349-4085) ISSN(P): (2394-4218)
Impact Factor- 5.414, Volume 5, Issue 2, February 2018
Website- www.aarf.asia, Email : editor@aarf.asia , editoraarf@gmail.com

सतत विकास में नवीन शिक्षा पध्दति का योगदान

श्रीमति एम. सुजाता राव (सहायक प्राध्यापक)
सांदीपनी एकेडमी, अछोटी, (मुरमुंदा), दुर्ग (छ.ग.)

सारांश

सतत विकास के लिए नवीन शिक्षा एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। शिक्षा एक ऐसी शक्ति है जो ना केवल राष्ट्रीय विकास में बल्कि सतत विकास में भी योगदान देता है। यह सामाजिक आर्थिक राजनीतिक या पर्यावरण विकास की कुंजी है।सतत विकास को प्राप्त करने के लिए शिक्षा आवश्यक ज्ञान और कौशल के विकास को बढ़ावा देता है। यह आर्थिक कल्याण सामाजिक समानता लोकतांत्रिक मूल्यों और बहुत सी चीजों को प्रोत्साहित करती है। सतत विकास के लिए शिक्षा लोगों और नागरिकों को यह जानने में सक्षम बनाती है। कि पृथ्वी के संसाधन को कैसे सुरक्षित किया जाए जो सीमित मात्रा में उपलब्ध है। कि एसडी का उद्देश्य एसडी के आर्थिक सामाजिक आयामों के लिए एक संतुलित एकीकृत दृष्टिकोण का उपयोग कर वर्तमान और भावी पीढ़ी की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उन्हें सामर्थ बनाता है। व्यक्ति के व्यक्तित्व और रचनात्मकता को विकसित करने की एक प्रक्रिया है ताकि वे स्वस्थ समाज और प्रगति को बढ़ावा देने में सहायता कर सकें। शिक्षा वास्तव में एक प्रक्रिया है। जो व्यक्ति क्षमताओं सामाजिक वातावरण, आर्थिक विकास ,आसपास के नैतिक और विशेषकर सभी अनुकूलन क्षमताओं को प्रभावित करता है।शिक्षा से अपेक्षा की जाती है, कि वह ज्ञान के अनुसरण के लिए सिद्धांतों विधियों दिशानिर्देशों कर विकसित करें। ताकि समाज को लाभ पहुंचाया जा सके । विकास की समस्या के समाधान के लिए ज्ञान और कौशल प्रदान करने की अपेक्षा की जाती है। लोगों छात्रों के शारीरिक और सामाजिक वातावरण के बगैर ने समाज और दृष्टिकोण विकसित करने में सक्षम होती है। सतत विकास जून 1992 में ब्राजील में आयोजित पर्यावरण और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन का मुख्य केंद्र था विश्व स्तर पर सतत विकास की उपलब्धि जनसंख्या वृद्धि में प्रति व्यक्ति खपत के बढ़ते स्तर के कारण विश्व समुदाय के लिए सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक सिद्ध होने की संभावना है। जैसे कि पर्यावरण और विकास पर विश्व आयोग ने निरीक्षण किया, कि जलवायु परिवर्तन ओजोन अधिकरण और प्रजाति हानि जैसे वैश्विक कठिनाइयों के अतिरिक्त दबाव के बीच सतत विकास को प्राप्त करने का प्रयास किया जा रहा है। सतत विकास पर्यावरण और विकास पर वित्त आयोग की रिपोर्ट जिसका शिक्षक रखा गया था हमारा सामुदायिक भविष्य को जिम्मेदार ठहराया गया को परिभाषित करती है सतत विकास आर्थिक विकास परिस्थिति सत्ता के बीच संतुलन को सुरक्षित रखने के लिए कोशिश करता है, दोनों आर्थिक और पर्यावरणीय प्रणालियों को जीवित रखने के लिए एक निश्चित न्यूनतम

© Associated Asia Research Foundation (AARF)
A Monthly Double-Blind Peer Reviewed Refereed Open Access International e-Journal - Included in the International Serial Directories.

Principal
(Education)
Sandipani Academy
Achhoti, Distt. Durg (C.G.)

International Journal of Research in Economics and Social Science (IJRESS)
Available online at :http://euroasiapub.org
Vol.9 Issue4, April-2019
ISSN(o): 2249-7382 | Impact Factor: 6.939 |

"शिक्षण अधिगम में बहुमाध्यम उपागम ,विज्ञान एवं तकनीकी की बढती हुई उपलब्धिया"

श्रीमति मीना पाण्डे (सहायक प्राध्यापक)
सांदीपनी एकेडमी अछोटी, दुर्ग

सारांश

शिक्षा में तकनीकी पर गहन चर्चा की आवश्यकता महसूस होती है। क्योंकि जहाँ एक ओर तकनीकी व्यक्ति की जटिल से जटिल समस्याओं के समाधान देने में सक्षम है, वहीं दूसरी ओर व्यक्ति को दिमागी एवं शारीरिक कसरतों से बचाते हुए अपने ऊपर निर्भरता बढ़ाकर पंगु भी कर रही है। समय के साथ बदलते एवं बढ़ते हुए तकनीकी एवं प्रौद्योगिकी विकास ने मानव को पृथ्वी ही नहीं अपितु अन्तरिक्ष तक को समझने हेतु सक्षम कर दिया है। आज बच्चों को तकनीकी उपक्रमों के साथ खेलना, उनको समझना ज्यादा रुचिपूर्ण लगता है और इनके माध्यम से वे बेहतर तरीके से सीखने के लिए तैयार रहते हैं। ऐसे में उनके इस कौशल एवं रुचि को देखते हुए शिक्षण हेतु सही एवं उपयुक्त तकनीकी का चयन व उसका सही एवं उपयुक्त इस्तेमाल, उच्च अधिगम स्तर प्राप्त करने में सहायक हो सकता है। ऐसे में जरूरत है एक शिक्षक का इस आवश्यकता को समझना व सही एवं सटीक तरीकों द्वारा इन सभी बातों को लागू करना। उनकी खुद की कुशलता एवं रुचि एक बड़ा सवाल हो सकता है। परन्तु समय के साथ–साथ शिक्षण में आ रहे बदलाव और नवाचार में खुद को ढालना शिक्षक के लिए अनिवार्य हो जाता है।

शब्द कुंजी– शिक्षण, सीखना, तकनीकी शिक्षण, बहुमाध्यम उपागम, आईसीटी, प्रौद्योगिकी, जटिल।

प्रस्तावना–

वर्तमान युग में विज्ञान का प्रभाव जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में हमें दिखाई देता है। आज विज्ञान के बिना समाज की कल्पना करना असंभव है। हमारी संस्कृति में विज्ञान घुल–मिल गया है। विज्ञान की पिक्षा के प्रचार व प्रसार से मानव की विचारधारा में अभूतपूर्व परिवर्तन आया है। इस परिवर्तन ने व्यक्ति की आर्थिक, सामाजिक एव सांस्कृतिक स्थिति को भी प्रमावित किया है। वैज्ञानिक उपलब्धियों से हमारे जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में सुधार तो हुआ है वहीं कुछ नवीन समस्याएँ भी उत्पन्न हुई हैं। इन समस्याओं के समाधान के लिए विज्ञान का अध्ययन आवश्यक है जिससे व्यक्ति बदलते हुए परिस्थितियों में अपने आप को समायोजित कर सकें। विज्ञान और उसकी प्रकृति के बारे में हमारे देश के राष्ट्रीय फोकस समूह के आधार पत्र छ.ग. 2005 में कुछ इस प्रकार लिखा है–"विज्ञान एक जीवंत नए से नए से नए अनुभवों के अनुसार विस्तार पाता हुआ गतिमान ज्ञान है लेकिन सवाल यह है कि यह ज्ञान कैसे उत्पन्न होता है? आखिर क्या है वैज्ञानिक प्रक्रिया? आखिर क्या है वैज्ञानिक प्रक्रिया? अन्य कोई जटिल चीजों की

Principal
(Education)
Sandipani Academy
Achhoti, Distt. Durg (C G)

International Research Journal of Human Resources and Social Sciences
ISSN(O): (2349-4085) ISSN(P): (2394-4218)
Impact Factor- 5.414, Volume 4, Issue 12, December 2017
Website- www.aarf.asia, Email : editor@aarf.asia , editoraarf@gmail.com

Inclusion in Ancient India and it's Necessity in Present Context

Dr. Najiya Ahemad (Assistant Professor)
Sandipani Academy Achhoti, Murmunda -Durg

Abstract

This paper presents that how the practice of inclusive education is beneficial for disabled children as well as their non disabled peers and their teachers. Research done by McKinsey & Company has been mentioned in the paper. In the second section, an inclusive education system of the Vedic period has been explained and the importance of an inclusive society has been described. In the third section background of India's efforts after independence has been mentioned, this includes different policies and programs launched by government of India. In the forth section the importance of Proposed Advance Education Policy in making an inclusive society and an inclusive education system has been mentioned with some of the steps that government should take.

Introduction

In inclusive education, all students are supported to learn, contribute and participate in all aspects of school life and are welcomed by their neighborhood schools for regular studies according to age.

Throughout the world, students with disabilities are progressively educated along with their nondisabled peers in an exercise known as inclusion (Kumar and Kumar, 2007). Inclusion is glaringly featured in a number of global declarations, education policies and national laws. These policies, tied with the hard work of advocates for the rights of people with disabilitieshave led to a significant upsurge in the number of students with disabilities who receive education alongside their non-disabled peers.

There is clear and reliable indication that inclusive educational settings can impart considerable short-term and long-term advantages for students with or without disabilities (Hehir et. al, 2016). Involved students develop stronger skills in math and reading that reduce

© Associated Asia Research Foundation (AARF)
A Monthly Double-Blind Peer Reviewed Refereed Open Access International e-Journal - Included in the International Serial Directories.

for Principal (Education) Sandipani Academy Achhoti, Distt. Durg (C.G.)

International Journal of Research in Economics and Social Sciences(IJRESS)
Available online at: http://euroasiapub.org
Vol. 9 Issue 3, March- 2019
ISSN(o): 2249-7382 | Impact Factor: 6.939 |

शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में नवाचारी प्रयोग एवं तकनीकी का योगदान

डॉ. संध्या पुजारी (सहायक प्राध्यापक)
सांदीपनी एकेडमी अछोटी, मुरमुंदा (दुर्ग)

सारांश

शिक्षण अधिगम को सार्थक और प्रभावशाली बनाने का प्रयास अनवरत् रूप से जारी है तकनीकी क्षेत्र में हुए आविष्कारों द्वारा शिक्षण की प्रक्रिया को कैसे सबल बनाया जाये, शिक्षण विधि, प्रविधि ,शिक्षण सामग्री में क्या परिवर्तन किये जायें ? उद्देश्यों कि अधिकतम प्राप्ति कैसे की जाये ? जब शिक्षा के क्षेत्र में इन बिन्दुओं पर गहन चिन्तन के बाद एक नया क्षेत्र उभर कर आया जिसे शैक्षिक तकनीकी कहा गया । अत : शैक्षिक तकनीकी एक ऐसा सम्प्रत्यय है जिसमें अधिगम परिस्थितियों का समुचित नियोजन एवं व्यवस्था करके शिक्षण अधिगम प्रकिया की प्रभावशीलता को बढ़ाने का प्रयास किया जाता है । शैक्षिक तकनीकी को शैक्षिक लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु अपनायी गयी उन समन्वित, सम्बद्ध, सार्थक शैक्षिक प्रौद्योगिकी की श्रृंखला कहा जा सकता है जिनका उद्देश्य शिक्षण अधिगम प्रकिया को व्यापक स्तर पर सरल, सरस , प्रभावी तथा तीव्रगामी बनाना होता है इसने शिक्षा के सभी पक्षों को प्रभावित किया है ।

कीवर्ड – प्रोद्योगिकी, शिक्षण– आधिगम प्रकिया, बहुमाध्यम उपागम, शैक्षिक तकनीकी

प्रस्तावना

सर्वप्रथम, शिक्षण में तकनीकी का प्रयोग 1926 में अमेरिका में ओहियो राज्य विश्वविद्यालय में सिडनी प्रैसी ने शिक्षण मशीन के निर्माण द्वारा प्रारम्भ किया। इस मशीन का निर्माण एक शिक्षण युक्ति के रूप में जाँच हेतु किया गया था। तत्पश्चात् 1930–40 के लगभग लम्सडेन तथा ग्लैसर आदि तकनीकी विशेषज्ञों ने शिक्षण को यंत्रीकरण करने का प्रयत्न किया। यह कार्य कुछ विशेष प्रकार की पुस्तकों, कार्डों व बोड़ों के रूप में प्रस्तुत किया गया।

किन्तु वास्तव में शैक्षिक तकनीकी के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य सन् 1954 में बी. एफ. स्किनर के प्रयोगों द्वारा प्रारम्भ हुआ। स्किनर ने जानवरों पर किये गये परीक्षणों का उपयोग शिक्षा के क्षेत्र में सीखने के लिए किया। उसके इन्हीं परीक्षणों के फलस्वरूप अभिक्रमित अधिगम का विकास हुआ। इसी के अनुरूप इंग्लैण्ड में सर्वप्रथम ब्राइनमौर ने प्रयोग किया। तत्पश्चात् औद्योगिक क्रान्ति तथा अन्य क्षेत्रों

Principal
(Education)
Sandipani Academy
Achhoti, Distt. Durg (C.G.)

International Research Journal of Human Resources and Social Sciences
ISSN(O): (2349-4085) ISSN(P): (2394-4218)
Impact Factor- 5.414, Volume 5, Issue 2, February 2018
Website- www.aarf.asia, Email : editor@aarf.asia , editoraarf@gmail.com

सतत विकास में नवीन शिक्षा पध्दति का योगदान

श्रीमति एम. सुजाता राव (सहायक प्राध्यापक)
सांदीपनी एकेडमी, अछोटी, (मुरमुंदा), दुर्ग (छ.ग.)

सारांश

सतत विकास के लिए नवीन शिक्षा एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। शिक्षा एक ऐसी शक्ति है जो ना केवल राष्ट्रीय विकास में बल्कि सतत विकास में भी योगदान देता है। यह सामाजिक आर्थिक राजनीतिक या पर्यावरण विकास की कुंजी है।सतत विकास को प्राप्त करने के लिए शिक्षा आवश्यक ज्ञान और कौशल के विकास को बढ़ावा देता है। यह आर्थिक कल्याण सामाजिक समानता लोकतांत्रिक मूल्यों और बहुत सी चीजों को प्रोत्साहित करती है। सतत विकास के लिए शिक्षा लोगों और नागरिकों को यह जानने में सक्षम बनाती है। कि पृथ्वी के संसाधन को कैसे सुरक्षित किया जाए जो सीमित मात्रा में उपलब्ध है। कि एसडी का उद्देश्य एसडी के आर्थिक सामाजिक आयामों के लिए एक संतुलित एकीकृत दृष्टिकोण का उपयोग कर वर्तमान और भावी पीढ़ी की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उन्हें सामर्थ बनाता है। व्यक्ति के व्यक्तित्व और रचनात्मकता को विकसित करने की एक प्रक्रिया है ताकि वे स्वस्थ समाज और प्रगति को बढ़ावा देने में सहायता कर सकें। शिक्षा वास्तव में एक प्रक्रिया है। जो व्यक्ति क्षमताओं सामाजिक वातावरण, आर्थिक विकास ,आसपास के नैतिक और विशेषकर सभी अनुकूलन क्षमताओं को प्रभावित करता है।शिक्षा से अपेक्षा की जाती है, कि वह ज्ञान के अनुसरण के लिए सिद्धांतों विधियों दिशानिर्देशों कर विकसित करें। ताकि समाज को लाभ पहुंचाया जा सके । विकास की समस्या के समाधान के लिए ज्ञान और कौशल प्रदान करने की अपेक्षा की जाती है। लोगों छात्रों के शारीरिक और सामाजिक वातावरण के बगैर ने समाज और दृष्टिकोण विकसित करने में सक्षम होती है। सतत विकास जून 1992 में ब्राजील में आयोजित पर्यावरण और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन का मुख्य केंद्र था विश्व स्तर पर सतत विकास की उपलब्धि जनसंख्या वृद्धि में प्रति व्यक्ति खपत के बढ़ते स्तर के कारण विश्व समुदाय के लिए सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक सिद्ध होने की संभावना है। जैसे कि पर्यावरण और विकास पर विश्व आयोग ने निरीक्षण किया, कि जलवायु परिवर्तन ओजोन अधिकरण और प्रजाति हानि जैसे वैश्विक कठिनाइयों के अतिरिक्त दबाव के बीच सतत विकास को प्राप्त करने का प्रयास किया जा रहा है। सतत विकास पर्यावरण और विकास पर वित्त आयोग की रिपोर्ट जिसका शिक्षक रखा गया था हमारा सामुदायिक भविष्य को जिम्मेदार ठहराया गया को परिभाषित करती है सतत विकास आर्थिक विकास परिस्थिति सत्ता के बीच संतुलन को सुरक्षित रखने के लिए कोशिश करता है, दोनों आर्थिक और पर्यावरणीय प्रणालियों को जीवित रखने के लिए एक निश्चित न्यूनतम

© Associated Asia Research Foundation (AARF)
A Monthly Double-Blind Peer Reviewed Refereed Open Access International e-Journal - Included in the International Serial Directories.

Principal
(Education)
Sandipani Academy
Achhoti, Distt. Durg (C.G.)

International Journal of Research in Economics and Social Science (IJRESS)
Available online at :http://euroasiapub.org
Vol.9 Issue4, April-2019
ISSN(o): 2249-7382 | Impact Factor: 6.939 |

"शिक्षण अधिगम में बहुमाध्यम उपागम ,विज्ञान एवं तकनीकी की बढती हुई उपलब्धिया"

श्रीमति मीना पाण्डे (सहायक प्राध्यापक)
सांदीपनी एकेडमी अछोटी, दुर्ग

